गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

सं. : न दि/गेल/सेक्ट/2022

07.07.2022

1. लिस्टिन्ग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई - 400 051 **चिह्न : गेल-(ईक्यू)**	2. लिस्टिन्ग अनुपालन बीएसई लिमिटेड मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई-400001 **स्क्रिप कोड: 532155**

महोदय / महोदया,

कृपया "**माननीय प्रधानमंत्री ने सीएनजी से संचालित होने वाली 500 नावों को राष्ट्र को समर्पित किया तथा भारत में स्वच्छ ईंधन से नावों के संचालन हेतु गेल की एक अनूठी पहल संबंधी**" प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

धन्यवाद,

भवदीय,

आर्लग क्षा.

(ए के झा)
कंपनी सचिव

संलग्न : उपर्युक्तानुसार

प्रति:

ड्यूश बैंक एजी, फ़िलिअले मुम्बई
टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस,
द कैपिटल, 14वीं मंज़िल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुम्बई-400051

ध्यानाकर्षण- सुश्री अपर्णा सालुंके

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

माननीय प्रधानमंत्री ने सीएनजी से संचालित होने वाली 500 नावों को राष्ट्र को समर्पित किया

भारत में स्वच्छ ईंधन से नावों के संचालन हेतु गेल की एक अनूठी पहल

वाराणसी, 7 जुलाई, 2022: पवित्र नदी गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए एक दूरगामी कदम के रूप में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल और डीजल से पर्यावरण अनुकूल ईंधन कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) में रूपांतरित 500 नावों को आज राष्ट्र को समर्पित किया।

इन नावों को यहां नमो घाट पर गेल (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निर्मित भारत का पहला फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन से सीएनजी की आपूर्ति की जा रही है।

गेल की निगमित सामाजिक दायित्व पहल के अंतर्गत वाराणसी नगर निगम (वीएनएन) के सहयोग से पेट्रोल/डीजल से संचालित होने वाली नावों का रूपांतरण कर इन्हें सीएनजी से संचालन हेतु भी सक्षम बनाया गया। वाराणसी नगर निगम द्वारा वाराणसी स्मार्ट सिटी को इस परियोजना के समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि मेकॉन लिमिटेड सीएनजी से संचालन हेतु नावों के रूपांतरण के लिए इंजीनियरिंग और परामर्शदायी सेवाएं प्रदान कर रहा है।

पवित्र शहर वाराणसी की यात्रा के दौरान पर्यटकों द्वारा गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर मौजूद नावों का उपयोग किया जाता है। हालांकि, पारंपरिक ईंधन का रिसाव और उत्सर्जन एक मुख्य समस्या का विषय है, जो गंगा नदी के पानी की गुणवत्ता और समुद्री जीवन को प्रभावित करता है।

सीएनजी रूपांतरण से न केवल प्रदूषण कम होगा बल्कि ईंधन पर होने वाली बचत से नाविकों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

अब तक 500 नावों को सीएनजी में रूपांतरित किया जा चुका है तथा अन्य नावों को भी स्वच्छ ईंधन द्वारा संचालित किए जाने हेतु रूपांतरण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है।